# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

कार्यालय : अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण),
बांसी रोड, बरगदवा जिलाः बस्ती।
ई-मेलः eeupjnruralbasti@gmail.com

पत्रांक 462A / W-23 / 02 दिनांक 01 / 05 / 2025

सेवा में,

मुख्य विकास अधिकारी,
बस्ती।

विषय- **दिनांक 11.04.2025 को जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में आयोजित सी०एम०डैश बोर्ड/विकास कार्यों एवं रु० 50.00 लाख से अधिक लागत की परियोजनाओं की समीक्षा बैठक के कार्यवृत्त का अनुपालन आख्या के सम्बन्ध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक आपके कार्यालय पत्रांक 425/कार्यवृत्ति/2024-25, दिनांक 30.04.2025 के अनुपालन में दिनांक 11.04.2025 को जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार, बस्ती में सम्पन्न हुई सी०एम०डैश बोर्ड/विकास कार्यों एवं रु० 50.00 लाख से अधिक लागत की परियोजनाओं की समीक्षा बैठक के कार्यवृत्त का अनुपालन आख्या तैयार कर आपको आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

**संलग्नकः**उपरोक्तानुसार।

भवदीय

(योगेन्द्र प्रसाद)
अधिशासी अभियन्ता

# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

**कार्यालय : अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ०प्र० जल निगम (ग्रामीण),**

**बांसी रोड, बरगदवां, जिलाः बस्ती 272001**

ई-मेलः eeupjnruralbasti@yahoo.in

**दिनांक 11.04.2025 को आयोजित विकास कार्यों की समीक्षा बैठक के कार्यवृत्त का अनुपालन आख्या।**

| बिन्दु | आख्या |
|---|---|
| 3– नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति | |
| जल जीवन मिशन हर घर जल (चरण-1, 2, 3, 5)- इस योजनान्तर्गत जनपद को सी रैंक प्राप्त हुआ है। प्रदेश स्तरीय रैंकिग में जनपद 47 वें स्थान पर है। कुल लक्षित परिवारों के सापेक्ष 334200 परिवारों को नल संयोजन कराया गया है, जो 92.82 प्रतिशत है। आप द्वारा माह मार्च-2025 की बैठक मे नल संयोजन की प्रगति 95 प्रतिशत कराने का आश्वासन दिया गया था। परन्तु मात्र 1.44 प्रतिशत की प्रगति हुई है। जिससे गत माह के सापेक्ष ग्रेड में कोई सुधार नहीं हो पाया। अधि०अभि० जल निगम(ग्रामीण) को निर्देश दिये गये कि माह अप्रैल, 2025 में नल संयोजन की प्रगति अनिवार्य रूप से 95 प्रतिशत कराना सुनिश्चित करायें, जिससे जनपद की रैंक में सुधार हो सकें। | गृह संयोजन 95% तक बढ़ाने हेतु फर्मों के साथ बैठक में निर्देशित किया गया है। इसे माह अप्रैल के अन्त तक 95 % तक बढ़ा लिया जायेगा। |
| **ग्राम पंचायत मड़वानगर पेयजल योजना का निरीक्षण –**<br>इस परियोजना की स्वीकृत लागत 10.25 है तथा सम्पूर्ण धनराशि अवमुक्त है, व्यय धनराशि 2.47 करोड़ तथा भौतिक प्रगति 26 प्रतिशत है। इस परियोजना को माह जून 2025 तक पूर्ण किया जाना है। सम्पूर्ण धनराशि उपलब्ध के सापेक्ष व्यय की स्थिति खराब होने के कारण जनपद की रैंक प्रभावित हो रही है। इस सम्बन्ध में अधिशासी अभियन्ता, जल निगम(ग्रामीण) को निर्देश दिया गया कि मैन पावर बढ़ाते हुए उपलब्ध धनराशि का अधिकतम व्यय कराते हुए प्रगति सुनिश्चित कराये। सी०एम०आई०एस० पोर्टल पर जल निगम(ग्रामीण) की 890 परियोजनाएं माह मार्च 2025 में अपलोड की गई है। पोर्टल की रिपोर्ट के अनुसार 11 परियोजनाएं अभी विलम्बित है। अधि०अभि० जल निगम(ग्रामीण) को निर्देश दिये कि परियोजनाओं को इस माह तक पूर्ण कराकर हस्तगत कराते हुए पोर्टल पर वित्तीय/भौतिक प्रगति सुनिश्चित करायें तथा निर्धारित समय सीमा के अन्दर परियोजनाओं को पूर्ण करायें, क्योंकि पोर्टल पर इस सभी परियोजनाओं की रैंकिंग की जा रही है। | **ग्राम पंचायत मड़वानगर पेयजल योजना की अनुपालन आख्या-**<br>उक्त परियोजना का निर्माण कार्यदायी संस्था मेसर्स जैक्सन-विश्वराज(जे०वी०) फेज-5 द्वारा कराया जा रहा है जिसकी स्वीकृति लागत रु० 10.25 करोड़ तथा अवमुक्त धनराशि रु० 2.47 करोड़ के सापेक्ष व्यय धनराशि रु० 2.47 करोड़ तथा भौतिक प्रगति 26 % है। फर्म के साथ बैठक कर भौतिक प्रगति बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। CMIS पोर्टल पर जल निगम(ग्रामीण) की 895 परियोजनाएं माह-मार्च, 2025 में अपलोड़ की गयी है। 11 विलम्बित परियोजनाएं को पूर्ण करने का प्रयास किया जा रहा है। |

(योगेन्द्र प्रसाद)
अधिशासी अभियन्ता

**दिनांक 11.04.2025 को अपरान्ह 12:45 बजे से जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार, बस्ती में आयोजित सी0एम0 डैश बोर्ड/विकास कार्यों एवं रू0 50.00 लाख से अधिक के लागत के परियोजनाओं की मासिक समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त।**

जिलाधिकारी महोदय, बस्ती की अध्यक्षता में दिनांक 11.04.2025 को अपरान्ह 12:45 बजे से मा0 मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर विकास कार्यों से सम्बन्धित प्रपत्रों एवं निर्माण कार्यों के प्रगति की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार, बस्ती में आयोजित की गयी। बैठक में विकास विभाग से जुड़े समस्त जनपद स्तरीय अधिकारी एवं कार्यदायी संस्था के अधिकारी उपस्थित रहे। सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को दिये गये महत्वपूर्ण निर्देश निम्नवत् है-

**अल्पसंख्यक कल्याण विभाग**

**पूर्व दशम छात्रवृत्ति (कक्षा 9-10)** के अन्तर्गत इस मद में जनपद को A+ रैंक प्राप्त हुआ है, प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में जनपद 49वें स्थान पर है। माह मार्च, 2025 की रिपोर्ट के अनुसार छात्र/छात्राओं द्वारा किये गये फाइनल सबमिट 3207 आवेदन पत्रों के सापेक्ष शिक्षण संस्थानों द्वारा 3013 आवेदन अग्रसारित किये गये हैं तथा जनपदीय छात्रवृत्ति समिति के स्तर पर 664 आवेदन लम्बित है। सी0एम0 डैशबोर्ड पर जनपदीय छात्रवृत्ति समिति द्वारा निस्तारित आवेदनों के आधार पर रैंक निर्धारित किया जा रहा है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी को निर्देश दिये गये कि सतत निगरानी करते रहें जिससे माह अप्रैल, 2025 जनपद की रैंक प्रभावित न हो।

(कार्यवाही जिला **अल्पसंख्यक कल्याण** अधिकारी)

**नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति**

**जल जीवन मिशन हर घर जल(चरण 1, 2, 3, 5):-** इस योजनान्तर्गत जनपद को सी रैंक प्राप्त हुआ है। प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में जनपद 47 वें स्थान पर है। कुल लक्षित 359777 परिवारों के सापेक्ष 334200 परिवारों को नल संयोजन कराया गया है, जो 92.89 प्रतिशत है। आप द्वारा माह मार्च, 2025 की बैठक में नल संयोजन की प्रगति 95 प्रति0 कराने का आश्वासन दिया गया था । परन्तु मात्र 1.44 प्रति0 की प्रगति हुई है। जिससे गत माह के सापेक्ष ग्रेड में कोई सुधार नही हो पाया। अधिशासी अभियन्ता, जलनिगम ग्रामीण को निर्देश दिये गये कि माह अप्रैल, 2025 में नल संयोजन की प्रगति अनिवार्य रूप से 95 प्रतिशत कराना सुनिश्चित करायें, जिससे जनपद की रैंक में सुधार हो सके। (कार्यवाही **अधिशासी अभियन्ता , जल निगम** ग्रामीण)

**नियोजन विभाग**

**फैमिली आई0डी0** :- जनपद हेतु आबंटित कुल लक्ष्य 101109 के सापेक्ष 33687 आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं, जिसके सापेक्ष 29343 फैमिली आई0डी0 बनाये गये है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के अन्तर्गत अवशेष लाभार्थियों जिनका फैमिली आई0डी0 नहीं बना है, की सूची समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को ई-मेल द्वारा उपलब्ध करा दिया गया है। समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि सोशल सेक्टर व प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के अन्तर्गत प्राप्त सूची के अनुसार विशेष अभियान चलाकर फैमिली आई0डी0 बनवाना सुनिश्चित करें तथा बिना पर्याप्त कारण के प्राप्त आवेदनों को अस्वीकृत न किया जाये। इस सम्बन्ध में सभी खण्ड विकास अधिकारियों को विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। उप निदेशक कृषि व सोशल सेक्टर के अधिकारियो को निर्देश दिये गये कि खण्ड विकास अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर प्रगति सुनिश्चित करायें। **(कार्यवाही-समस्त खण्ड विकास अधिकारी/जिला समाज कल्याण अधिकारी/उप कृषि निदेशक।)**

नल संयोजन 95% तक बढ़ाने हेतु कार्यवाही

**ग्राम पंचायत मड़वानगर पेयजल योजना** :– इस परियोजना की स्वीकृत लागत रू0 10.25 करोड़ है तथा सम्पूर्ण धनराशि अवमुक्त है, व्यय धनराशि 2.47 करोड़ तथा भौतिक प्रगति 26 प्रतिशत है। इस परियोजना को माह जून, 2025 तक पूर्ण किया जाना है। सम्पूर्ण धनराशि उपलब्ध होने के बावजूद भी भौतिक प्रगति अत्यन्त ही असंतोषजनक है। उपलब्ध धनराशि के सापेक्ष व्यय की स्थिति खराब होने के कारण जनपद की रैंक प्रभावित हो रही है। इस सम्बन्ध मे अधिशासी अभियन्ता, जल निगम, ग्रामीण को निर्देश दिया गया कि मैन पावर बढ़ाते हुए उपलब्ध धनराशि का अधिकतम् व्यय कराते हुए प्रगति सुनिश्चित करायें। सीएमआईएस पोर्टल पर जलनिगम ग्रामीण की 890 परियोजनायें माह मार्च, 2025 मे अपलोड की गई है। पोर्टल की रिपोर्ट के अनुसार 11 परियोजनायें अभी विलम्बित है। अधिशासी अभियन्ता, जलनिगम ग्रामीण को निर्देश दिये कि विलम्बित परियोजनाओं को इस माह के अंत तक पूर्ण कराकर हस्तगत कराते हुये पोर्टल पर वित्तीय/भौतिक प्रगति सुनिश्चित करायें तथा निर्धारित समय सीमा के अन्दर परियोजनाओं को पूर्ण करायें, क्योंकि पोर्टल पर इप सभी परियोजनाओं की रैकिंग की जा रही है।

## नलकूप विभाग :–

1– **2100 नवीन राजकीय नलकूप निर्माण परियोजना** :– इस परियोजना की स्वीकृत लागत रू0 841.99 करोड़ के सापेक्ष रू0 670.60 करोड़ की धनराशि अवमुक्त है, जिसका व्यय किया जा चुका है। कार्यदायी संस्था द्वारा बताया गया कि इस परियोजना का कार्य प्रदेश के कई जनपदों में हो रहा है, जनपद बस्ती से सम्बन्धित समस्त कार्य पूर्ण करा लिया गया है। कार्यदायी संस्था को निर्देश दिये गये कि अपने विभागाध्यक्ष से सम्पर्क कर सी0 एम0आई0एस0 पोर्टल पर वित्तीय एवं भौतिक प्रगति अपडेट करायें।

2– **6600 नलकूप आधुनिकीकरण परियोजना** :– अधिशासी अभियन्ता द्वारा बताया गया कि यह परियोजना पूर्ण करा ली गयी है। निर्देश दिये गये कि सी0एम0आई0एस0 पोर्टल पर वित्तीय एवं भौतिक प्रगति तत्काल अपडेट कराना सुनिश्चित करें।

## सिंचाई एवं जल संशाधन :–

1– **नगर राजवहा प्रणाली पर अवशेष कुलाबों की निर्माण परियोजना** :– इस परियोजना की स्वीकृत लागत रू0 2.30 करोड़ है तथा अवमुक्त धनराशि रू0 1.22 करोड़ है तथा व्यय धनराशि रू0 1.22 करोड़ एवं भौतिक प्रगति 83 प्रतिशत है। इस परियोजना को पूर्ण करने की लक्षित तिथि माह दिसम्बर, 2024 थी। परियोजना विलम्बित होने की वजह से जनपद की रैंकिंग प्रभावित हो रही है। कार्यदायी संस्था को निर्देश दिये गये कि माह अप्रैल ,2025 के अन्त तक उपलब्ध धनराशि का व्यय कराते हुए परियोजना को पूर्ण करायें तथा वित्तीय एवं भौतिक प्रगति सी0एम0आई0एस0 पोर्टल पर अपडेट करायें।

2– **नगर राजवहा प्रणाली की हरैया राजवहा के विभिन्न किमी0 पर बी0आर0बी0 का निर्माण एवं कल्यानपुर माइनर पर ड्रेनेज साइफन निर्माण परियोजना** :– इस परियोजना की स्वीकृत लागत रू0 4.43 करोड़ है तथा अवमुक्त धनराशि रू0 2.6 करोड़ है तथा व्यय धनराशि रू0 2.6 करोड एवं भौतिक प्रगति 83 प्रतिशत है। इस परियोजना को पूर्ण करने की लक्षित तिथि माह दिसम्बर, 2024 थी। परियोजना विलम्बित होने की वजह से जनपद की रैंक प्रभावित हो रही है। कार्यदायी संस्था को निर्देश दिये गये कि माह अप्रैल, 2025 के अन्त तक उपलब्ध धनराशि का व्यय कराते हुए परियोजना को पूर्ण करायें तथा वित्तीय एवं भौतिक प्रगति सी0एम0आई0एस0 पोर्टल पर अपलोड करायें।

कार्यदायी संस्था उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण सहकारी संघ, लि0, उत्तर प्रदेश पुलिस आवास निगम, उत्तर प्रदेश पर्यटन विकास निगम एवं यू0पी0सी0एल0डी0एफ0 का कार्य संतोषजनक न पाये जाने पर जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी को निर्देशित किया गया कि इस सम्बन्ध में अर्द्ध शासकीय पत्र शासन को भिजवाना सुनिश्चित करें।

अंत में सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिये गये कि सी0एम0डैश बोर्ड पर विभागवार पूर्ण परियोजनाओं तथा अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष व्यय धनराशि के आधार पर रैंकिंग की जा रही है। माह मार्च, 2025 की रैंकिंग में जनपद को ई ग्रेड प्राप्त हुआ है। इस सम्बन्ध में सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिये गये कि अनिवार्य रूप से अवमुक्त धनराशि के सापेक्ष अधिकतम् व्यय सुनिश्चित कराते हुए पूर्ण परियोजनाओं को सी0एम0आई0एस0 पोर्टल पर फीडिंग कराया जाय। समस्त प्रशासकीय विभागों को निर्देश दिये गये कि जिन परियोजनाओं हेतु उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रेषित किया गया है अपने निदेशालय से सम्पर्क कर कार्यदायी संस्था को अविलम्ब धनराशि उपलब्ध कराने का प्रयास करें।

सी0एम0आई0एस0 पोर्टल से सम्बन्धित प्रशासकीय विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि अपने विभागीय परियोजनाओं का प्रत्येक माह सत्यापन करते हुए मय फोटोग्राफ सत्यापन आख्या जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी को उपलब्ध कराएं तथा कार्यदायी संस्थाओं से सम्पर्क कर पूर्ण परियोजनाओं को माह के अन्त तक पोर्टल पर अपडेट कराना सुनिश्चित करायें। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही को गम्भीरता से लिया जायेगा। विभिन्न विभागों के भवनों के हस्तानान्तरण के सम्बन्ध में मुख्य सचिव महोदय के पत्र दिनॉक 20–10–2023 द्वारा मानक संचालन प्रकिया निर्धारित की गयी है। जनपद स्तर पर भवन हस्तानान्तरण हेतु मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में निम्नानुसार एक स्थाई भवन हस्तानान्तरण समिति गठित की गयी है–

1– अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग (संयोजक)
2– अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई –सदस्य
3– अधिशासी अभियन्ता, पावर कारपोरेशन खण्ड–3–सदस्य
4– जिस प्रशासकीय विभाग का भवन है उसका वरिष्ठतम् जिला स्तरीय अधिकारी–सदस्य

जनपद में कार्यरत सभी कार्यदायी संस्थाओं एवं सम्बन्धित प्रशासकीय विभागों को निर्देश दिये गये कि उपर्युक्त गठित टीम के सत्यापनोंपरान्त भवन निर्माण परियोजनाओं का हस्तानान्तरण कराया जाय।

अन्त में सधन्यवाद बैठक समाप्त की गयी।

मुख्य विकास अधिकारी
बस्ती।

<u>कार्यालय मुख्य विकास अधिकारी, बस्ती।</u>

पत्रांक 425 /कार्यवृत्ति/2024–25 दिनांक : अप्रैल, 30 2025

प्रतिलिपिः–समस्त सम्बन्धित जिला स्तरीय अधिकारी (सी0एम0डैश बोर्ड)/कार्यदायी संस्था को इस निर्देश के साथ कि अपने विभाग से सम्बन्धित बिन्दुओं पर कार्यवाही करते हुए अनुपालन आख्या एक सप्ताह के अन्दर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

मुख्य विकास अधिकारी
बस्ती।